# किफ़ायती मकान के लिए आवेदन करने के बाद: चेकलिस्ट और संसाधन

*NYC Housing Connect*

*[PAGE 1]*

## इस मार्गदर्शिका के बारे में

किफ़ायती मकान के लिए आवेदन लॉटरी की प्रक्रिया के माध्यम से समीक्षा के लिए चुने जाते हैं।

अगर लॉटरी में आपका चुनाव हो जाता है और आपका आवेदन योग्य प्रतीत होता है, तो अपनी योग्यता की पुष्टि करने के लिए आपको मिलने का समय लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मिलने के इस समय का उपयोग आपके आवेदन पर दी गई जानकारी की पुष्टि के लिए दिए गए दस्तावेज़ों की समीक्षा के लिए किया जाएगा।

मिलने का समय सामान्यतः आवेदन की अंतिम तिथि के बाद दो से दस महीने के बाद होता है। आपसे आपके साथ रहने वाले लोगों, उनकी आय, आपके वर्तमान आवास और अन्य जानकारी से जुड़े दस्तावेज़ लाने के लिए कहा जाएगा।

यह निर्देशिका आपको नियुक्ति के लिए तैयार होने में मदद करती है। इसमें अपने साथ लाने वाले दस्तावेज़ों के बारे में बताया गया है और ज़रूरी प्रतियों को पाने और तैयार करने का तरीका बताया गया है।

## पारिवारिक  दस्तावेज़

अगर आपकी योग्यता की पुष्टि के लिए

आपसे समय लेने के लिए संपर्क किया जाता है, तो आपसे आपके परिवार के सदस्यों की पुष्टि के लिए दस्तावेज़ों की प्रतियां लाने के लिए कहा जाएगा। कृपया जब तक न कहा जाए तब तक मूल दस्तावेज़ न लाएँ। इन दस्तावेज़ों की प्रतियां फ़ाइल के साथ रहेंगी – आप इन्हें वापस नहीं पा सकेंगे।

डेवलपर आपको साथ लाने वाले ज़रूरी दस्तावेज़ों के बारे में बता देगा। नीचे दिए गए सभी दस्तावेज़ों की ज़रूरत पड़ सकती है।

**क्या आपके पास ये दस्तावेज़ हैं?**

**वर्तमान आवास**

- ☐ अगर आप अपने आवास को किराए पर दिए हैं, तो वर्तमान लीज़ की प्रति। अगर आपके पास लीज़ नहीं है तो अपने मकान मालिक से नोटरी किया हुआ पत्र।
- ☐ तीन (3) से बारह (12) महीनों के किराए की रसीदों की प्रतियां या रद्द किए हुए किराए के चेक।
- ☐ आपके सबसे नए इलेक्ट्रिक और गैस के बिल की प्रति (ये आपके नाम पर हों और इन पर आपका पता दर्ज हो)।
- ☐ आपके सबसे नए टेलीफ़ोन बिल की प्रति (यह आपके नाम पर हो और इन पर आपका पता दर्ज हो)।

- अगर आपका खुद का किराए का मकान न हो और आप किसी और के साथ रहते हों, तो अपने साथी से उनके लीज़ की प्रति के साथ नोटरी किया हुआ पत्र और घर की सुविधाओं से जुड़े बिल की प्रति साथ लाएँ।

***मैं दस्तावेज़ों को कहाँ से नोटरी करा सकता हूँ?***

- संपत्ति प्रबंधन एजेंट या स्थानीय कर या विधि कार्यालयों में सामान्यतः नोटरी करने वाले कर्मचारी होते हैं।
- अधिकांश बैंक दस्तावेज़ों की नोटरी कर सकते हैं और शुल्क भी बहुत कम होता है।

**पारिवारिक सदस्य**

- परिवार में प्रत्येक सदस्य के जन्म प्रमाण पत्र की प्रतियां
- परिवार में प्रत्येक सदस्य के सामाजिक सुरक्षा कार्ड की प्रतियां
- 18 साल से अधिक के सभी सदस्यों के तस्वीर ID की प्रतियां (उदाहरण: ड्राइविंग लाइसेंस, मिलिटरी ID, NYC म्यूनिसिपल ID, गैर-ड्राईवर ID)
- हर स्कूल जाने वाले के लिए भर्ती की पुष्टि वाले स्कूल के पत्र की प्रतियां (उदाहरण: न्यूयॉर्क सिटी सार्वजनिक विद्यालय, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय)

## *मैं पहचान दस्तावेज़ किस तरह ऑर्डर कर सकता हूँ?*

**जन्म प्रमाणपत्र**

प्रोसेसिंग में लगने वाला समय: 2 दिन से लेकर 8 सप्ताहों तक | लागत: ~$15–$25

- न्यूयॉर्क शहर में जन्म: आधिकारिक न्यूयॉर्क जन्म प्रमाणपत्र ऑनलाइन ऑर्डर किए जा सकते हैं, व्यक्तिगत रूप से प्राप्त किए जा सकते हैं या NYC के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से मेल द्वारा पाए जा सकते हैं। इसकी लागत $15, $9 मेल करने और सेवा शुल्क के लिए हैं। ऑनलाइन ऑर्डर 24 घंटों के भीतर ही प्रोसेस किए जाते हैं। विवरण के लिए http://www.nyc.gov/doh पर जाएँ या 311 पर कॉल करें।
- संयुक्त राज्य में अन्यत्र कहीं जन्म: सामान्यतः प्रमाणपत्रों के लिए काउंटी क्लर्क या महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के राज्य कार्यालय से अनुरोध किया जा सकता है। अपने राज्य के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के कार्यालय के बारे में जानने के लिए कृपया http://www.cdc.gov/nchs/w2w.htm पर जाएँ या अपनी स्थानीय लाइब्रेरी से सहायता पाएँ।

**सामाजिक सुरक्षा कार्ड**

प्रोसेसिंग में लगने वाला समय: 2 से 6 सप्ताह | लागत: मुफ़्त

- अपने स्थानीय सामाजिक सुरक्षा कार्यालय और/या कार्ड केंद्र से आवेदन पत्र पाएँ। स्थानीय कार्यालय के बारे में जानकारी के लिए 1-800-772-1213 पर कॉल करें या http://www.ssa.gov/cardcenters/cardcenterinfo.html पर जाएँ।

**न्यूयॉर्क के ड्राईवर का लाइसेंस या फ़ोटो ID**

प्रोसेसिंग में लगने वाला समय: 2 से 4 सप्ताह | लागत: $10–$80

- ड्राईवर के लाइसेंस के लिए या गैर-ड्राईवर फ़ोटो ID के लिए NY के मोटर वाहन का राज्य विभाग के पास आवेदन करें। विवरण के किए www.dmv.ny.gov/license.html पर जाएँ, अपनी स्थानीय शाखा http://www.dmv.ny.gov/offices.htm पर देखें या जानकारी के लिए 1-212-645-5550 या 1-718-966-6155 पर कॉल करें।

**IDNYC: न्यूयॉर्क शहर म्यूनिसिपल ID**

IDNYC सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए मुफ़्त पहचान पत्र है। अपने आवेदन को ऑनलाइन प्रारंभ करने के लिए www.nyc.gov/idnyc पर जाएँ या 311 पर कॉल करें।

## *मैं प्रतिलिपियाँ कहाँ से बना सकता हूँ?*

- ब्रुकलिन सार्वजनिक लायब्रेरी: 311 पर कॉल करें या www.brooklynpubliclibrary.org पर जाएँ
- न्यूयॉर्क सार्वजनिक लायब्रेरी: 311 पर कॉल करें या ब्रोन्क्स, मैनहैटन और स्टेटन आईलैंड शाखाओं के लिए www.nypl.org पर जाएँ
- क्वीन सार्वजनिक लायब्रेरी: 311 पर कॉल करें या www.queenslibrary.org पर जाएँ
- आपका स्थानीय समुदाय बोर्ड कार्यालय: 311 पर कॉल करें
- कॉपी और प्रिंट शॉप

## आय दस्तावेज़

आपके घर की सालाना आय, आपके साथ रहने वाले 18 साल से बड़े वयस्कों द्वारा अर्जित "सकल राशि" है। "सकल राशि" का अर्थ है वह राशि जो आपको नियोक्ता द्वारा कर की कटौती से पहले दिया जाता है। आपकी सकल आय सामान्यतः आपके टेक होम पे (निवल आय) से ज़्यादा होती है (नोटः अगर आप स्व-रोज़गार में हैं, तो आप अपनी निवल आय सारी कटौतियों के बाद रिपोर्ट करें।)

जितने अधिक दस्तावेज़ संभव हों, उतने इकट्ठा करें। IRS के अनुसार नीचे दिए गए दस्तावेज़ आय के प्रमाण के तौर स्वीकृत हैं। 18 साल से बड़े हर पारिवारिक सदस्य की आय संबंधित दस्तावेज़ प्रदान करें।

**क्या आपके पास ये दस्तावेज़ हैं?**

### *इन सभी दस्तावेज़ों की क्या ज़रूरत है?*

HPD और HDC को इन सभी दस्तावेज़ों की ज़रूरत आपकी पारिवारिक आय की पुष्टि और गणना के लिए ज़रूरत होगी - नियमित रोज़गार से लेकर अन्य आय के स्रोत।

**पारिवारिक रोज़गार आय**

***क्या आपके परिवार में कोई वेतन पाता है या घंटों के हिसाब से आय प्राप्त करता है?***

डेवलपर आपको साथ लाने वाले ज़रूरी दस्तावेज़ों के बारे में बता देगा। आपको अक्सर हर पारिवारिक सदस्य के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ लाने की ज़रूरत है:

-  हाल ही के लगातार पिछले छः (6) वेतन स्टब की प्रतियां
-  पिछले साल के W-2 फ़ॉर्म की प्रतियां (सभी पृष्ठ)
-  पिछले साल का हस्ताक्षरित और पूर्ण संघीय और राज्य सरकार के आय रिटर्न की प्रतियां
-  नकद भुगतान का प्रमाण (नियोक्ताओं से नोटरी किए हुए पत्र)
-  जमा की गई राशि को दर्शाने के लिए बैंक विवरण

***क्या आपके परिवार में कोई स्व-रोज़गार में है?***

परिवार के हर सदस्य के लिए निम्नलिखित प्रतियां उपलब्ध कराएं:

-  शेड्यूल C, E या F वाले पिछले 3 वर्षों के हस्ताक्षरित फ़ॉर्म 1040 की प्रतियां
-  पिछले 3 वर्षों के सभी 1099 की प्रतियां
-  पिछले 3 वर्षों के स्टेट टैक्स रिटर्न की प्रतियां

## अन्य स्रोतों से घरेलू आय

आपको प्राप्त होने वाले सभी पैसों के बारे में दस्तावेज़ दिखाना आवश्यक है, भले ही आपको ये पैसे नौकरी से प्राप्त नहीं हुए हों। डेवलपर आपको साथ लाने वाले ज़रूरी दस्तावेज़ों के बारे में बता देगा। आपको अक्सर हर पारिवारिक सदस्य के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ लाने की ज़रूरत है:

***क्या आपको निम्नलिखित लाभ या आय प्राप्त होती है?***

निम्नलिखित के लिए दस्तावेज़ीकरण की प्रतियां:

- ☐ नवीनतम कैलेंडर वर्ष (30 दिन से कम दिनांकित) के लिए सामाजिक सुरक्षा पुरस्कार पत्र
- ☐ वयोवृद्ध का लाभ (वार्षिक दस्तावेज़ीकरण)
- ☐ किराए की संपत्ति से आय
- ☐ सार्वजनिक सहायता बजट पत्र सशस्त्र बल रिज़र्व

***क्या आपको लाभांश और/ या वार्षिकी भुगतान प्राप्त होते हैं?***

- ☐ जारी करने वाले संस्थानों की तरफ़ से स्टेटमेंट की प्रति

***क्या आपको छात्रवृत्ति और/ या निधि राशि प्राप्त होती है?***

- ☐ दिनांकित पुरस्कार पत्र की प्रतियां

***क्या आपको निर्वाह निधि और/ या शिशु सहायता प्राप्त होते हैं?***

निम्नलिखित की प्रतियां प्रदान करें:

-  अलगाव या निपटान अनुबंध की प्रतियां जिनमें राशि और सहायता के प्रकार व भुगतान शेड्यूल लिखे हों
-  किसी भी आधिकारिक स्टेटमेंट की प्रतियां या प्रिंट आउट (पिछले 120 दिनों के भीतर दिनांकित और गतिविधि व राशियां प्रदर्शित करने वाले) या नोटरीकृत एफ़ीडेविट।

***दिव्यांगता बीमा, कर्मचारियों का मुआवज़ा, और/या विभाजन भुगतान?***

-  पिछले लगातार छह (6) भुगतान स्टब की प्रतियां या सत्यापन पत्र

***क्या आप आवर्ती योगदान और/या उपहार प्राप्त करते हैं? क्या आप आवधिक आय के अन्य रूपों को प्राप्त करते हैं?***

-  सहायता प्रदान करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित एफ़ीडेविट और/या नोटरीकृत कथन जिसमें आय के उद्देश्य, दिनांक और उपहार का मूल्य और उपहार देने की आवृत्ति (साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक)।
-  इन भुगतानों की प्राप्तियों का समर्थन करने वाले बैंक विवरण

*[PAGE 6]*

**योग्यता समस्याएं**

अपने पुराने मकान मालिक या क्रेडिट के साथ कोई भी पुरानी समस्या का दस्तावेज़ीकरण करें। इन दस्तावेज़ों के बावजूद इस बात की गारंटी नहीं है कि आपको घर मिलेगा या नहीं। अच्छे दस्तावेज़ के बावजूद आपका आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है।

**पुराने मकान मालिक से समस्या**

***क्या आपके पुराने मकान मालिक ने किसी भी कारण से आपके खिलाफ़ क़ानूनी रूप से कार्रवाई की है?*** अगर हां, तो निम्नलिखित की प्रतियां लाएं:

-  सभी कानूनी शर्तों
-  कोई भी अंतिम कानूनी निर्णय
-  न्यायालय की संतुष्टि

**पिछली क्रेडिट समस्याएं**

***आपकी क्रेडिट हिस्ट्री (कर्ज़ इतिहास) कैसा है?***

अगर आप योग्यता की पुष्टि करने के लिए समय लेने हेतु चय नित किए जाते हैं, तो आपकी क्रेडिट निर्णय लेने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। T

आप केवल अपने क्रेडिट स्कोर के आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किए जाएंगे, लेकिन आपके क्रेडिट हिस्ट्री की जानकारी महत्वपूर्ण है। अगर क्रेडिट संबंधी कोई दस्तावेज़ है, तो आपको पहले ही प्राप्त करना होगा। उदाहरण के लिए:

-  क्रेडिट समस्याओं या कर्ज़ के समाधान को दिखाने वाले पत्राचार
-  भुगतान की गई बकाया राशि या इससे संबंधित निर्णय
-  वर्तमान खाता शेष
-  कोई भी अंतिम कानूनी निर्णय

कृपया इस बात का ध्यान रखें कि यह जानकारी देने का मतलब यह नहीं है कि आपको घर मिल जाएगा।

अपने क्रेडिट रिपोर्ट की मुफ़्त प्रति प्राप्त करने के लिए www.annualcreditreport.gov पर जाएं।

न्यूयॉर्कर के लिए मुफ़्त वित्तीय सशक्तिकरण सेवाओं का उपयोग करने के लिए 311 पर कॉल करें या nyc.gov/consumers पर जाएं।

अधिक जानकारी प्राप्त करने या आवेदन करने के लिए www.nyc.gov/housingconnect पर जाएं।